# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formely Kanpur University, Kanpur)
Kalyanpur, Kanpur-208024
कल्यानपुर, कानपुर–208024

## परीक्षा समिति की 7वीं बैठक दिन बुधवार, दिनांक: 16.03.2022
## कार्यवृत्त

आज दिनांक 16.03.2022, दिन बुधवार को दोपहर 12:00 बजे सेण्टर फॉर एकेडिमिक्स भवन स्थित कार्यपरिषद कक्ष में परीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई, बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 विनय कुमार पाठक, कुलपति, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी,आचार्य/प्रति कुलपति, जीवन विज्ञान विभाग,सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | सदस्य |
| 3. | डा0(श्रीमती) शिप्रा वी. श्रीवास्तव, संकायाध्यक्ष, वाणिज्य,क्राइस्ट चर्च कॉलेज, कानपुर। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 अंशु यादव,आचार्य,आई0बी0एम0 विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि.,कानपुर। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 संजय कुमार स्वर्णकार,आचार्य,अंग्रेजी विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 सुधान्शु पाण्ड्या, डीन, प्रशासन, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | सदस्य |
| 7. | डा0 सिद्धार्थ कुमार मिश्रा, एसोशिएट प्रोफेसर, जीवन विज्ञान विभाग, सी.एस.जे.एम.वि0वि0, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | डा0 अशोक कुमार पाण्डेय, संकायाध्यक्ष, कृषि संकाय, जनता कालेज, बकेवर, इटावा | सदस्य |
| 9. | डा0 जोसेफ डेनियल, प्राचार्य, क्राइस्ट चर्च कॉलेज,कानपुर। | सदस्य |
| 10. | डा0 मृदुलेश सिंह, एसो0 प्रोफेसर, आई0बी0एम0विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | सदस्य |
| 11. | डॉ0 बी0डी0 पाण्डेय, अध्यक्ष, कानपुर यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन। | सदस्य |
| 12. | डॉ0 अवधेश सिंह, महामंत्री, कानपुर यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन। | सदस्य |
| 13. | डॉ0 अनिल कुमार यादव, कुलसचिव, सी.एस.जे.एम. वि.वि., कानपुर। | कुलसचिव |
| 14. | डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र, परीक्षा नियंत्रक, सी.एस.जे.एम. वि.वि., कानपुर। | पदेन सचिव |
| | **विशेष आमंत्रित सदस्य** | |
| 15. | डॉ0 आर.के. द्विवेदी, निदेशक, सी.डी.सी., सी.एस.जे.एम. वि.वि., कानपुर । | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 16. | श्री पी0एस0 चौधरी, वित्त अधिकारी, सी.एस.जे.एम. वि.वि., कानपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |

सचिव द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से परीक्षा समिति की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। सम्यक विचारोपरान्त परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से निम्नांकित निर्णय लिए गये–

मद सं0–2022.07.01

**परीक्षा समिति की सम्पन्न हुई बैठक दिनांक 30.10.2021 की कार्यवाही के सम्पुष्टिकरण पर विचार।**

निर्णय

परीक्षा समिति की पूर्व में सम्पन्न हुई बैठक दिनांक 30.10.2021 की कार्यवाही का सर्वसम्मति से सम्पुष्टिकरण किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

Scanned with CamScanner

मद सं0–2022.07.02

विश्वविद्यालय सत्र 2021–22 की (NEP) एवं विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के सभी विषयों की परीक्षा कार्यक्रम के अनुमोदन पर विचार।

निर्णय

विश्वविद्यालय सत्र 2021–22 की (NEP) एवं विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के सभी विषयों की परीक्षा के कार्यक्रम को समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0–2022.07.03

पिछली परीक्षा समिति के उपरान्त सत्र 2021–22 NEP 2020 अर्न्तगत संचालित परीक्षाओं एवं अन्य सम्पन्न परीक्षाओं के पैटर्न एवं बनाये गये परीक्षा केन्द्रों के अनुमोदन पर विचार।

निर्णय:

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 18.03.2022 के मद संख्या–03 में सत्र 2021–22 NEP 2020 अर्न्तगत प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं एवं बी0ए0एम0एस0/बी0यू0एम0एस0, बी0ए0एल0एल0बी0 के सम सेमेस्टर एवं नये सेमेस्टर, एल0एल0बी0 सम सेमेस्टर परीक्षा एवं अन्य सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर की सम्पन्न/संचालित परीक्षाओं तथा उनके बनाये गये परीक्षा केन्द्रों को समिति ने सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2022.07.04

कोविड–19 के पूर्व की भाँति स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की परीक्षा सब्जेक्टिव एवं आब्जेक्टिव मिक्स्ड पैटर्न तथा परास्नातक के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा सब्जेक्टिव पैटर्न पर कराये जाने का अनुमोदन एवं शैक्षणिक सत्र 2021–22 की मुख्य वार्षिक परीक्षाओं एवं बी0एड0, एम0एड0, बी0पी0एड0, एम0पी0एड0, एल0एल0बी0, बी0ए0एल0एल0बी0, एम0डी0/ एम0एस0(आयुर्वेद), स्नातक (द्वितीय एवं तृतीय वर्ष) तथा परास्नातक के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा तिथि पर विचार।

परीक्षा कार्यक्रम संलग्न–

| क्र0सं. | कोर्स का नाम | सेमेस्टर | परीक्षा का पैटर्न |
|---|---|---|---|
| 01. | बी0एड0 | प्रथम सेमेस्टर | आब्जेक्टिव पैटर्न |
| 02. | एम0एड0 | प्रथम सेमेस्टर | आब्जेक्टिव पैटर्न |
| 03. | बी0पी0एड0 | विषम सेमेस्टर | आब्जेक्टिव पैटर्न |
| 04. | एम0पी0एड0 | विषम सेमेस्टर | आब्जेक्टिव पैटर्न |
| 05. | एल0एल0बी0 | प्रथम सेमेस्टर | आब्जेक्टिव पैटर्न |
| 06. | बी0ए0एल0एल0बी0 | प्रथम सेमेस्टर | आब्जेक्टिव पैटर्न |
| 07. | बी0एस0सी0(एविएशन) | वार्षिकपरीक्षा (द्वितीय एवं तृतीय वर्ष | सब्जेक्टिव पैटर्न |
| 08. | एम0डी0/एम0एस0 (आयुर्वेद) | समस्त | सब्जेक्टिव पैटर्न |
| 09. | स्नातक | द्वितीय एवं तृतीय वर्ष | सब्जेक्टिव /आब्जेक्टिव |
| 10. | परास्नातक | प्रथम एवं द्वितीय वर्ष | सब्जेक्टिव पैटर्न |

निर्णय:

उपरोक्त प्रस्ताव पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि क्रम संख्या–01 से क्रम संख्या–08 तक के उक्त पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं माह अप्रैल, 2022 में सम्पन्न करायी जायेगी एवं स्नातक द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष तथा परास्नातक प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाएं दिनांक 5 मई, 2022 से एवं सम सेमेस्टर की परीक्षाएं दिनांक 5 जून, 2022 से सम्पन्न कराये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया ।

मद सं0–2022–07–05

NEP 2020 के अन्तर्गत सत्र 2021–22 में स्नातक स्तर पाठ्यक्रमों के एक वर्ष में दो परीक्षा कराये जाने से प्रश्न पत्र/उत्तर पुस्तिका की गोपनीय प्रिंटिंग के मद में व्यय में बढ़ी हुई धनराशि का अनुमोदन।

निर्णयः

NEP 2020 के अन्तर्गत सत्र 2021–22 में स्नातक स्तर पाठ्यक्रमों के एक वर्ष में दो परीक्षा कराये जाने से प्रश्न पत्र/उत्तर पुस्तिका की गोपनीय प्रिंटिंग के मद में व्यय में बढ़ी हुई धनराशि का समिति ने सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0–2022–07–06

सत्र 2020–21 की सम्पन्न परीक्षाओं के केन्द्राध्यक्ष/सहायक केन्द्राध्यक्ष, कक्ष निरीक्षक एवं आन्तरिक उड़ाका दल के बीजक का विश्वविद्यालय के पोर्टल पर आनलाईन सब्मिशन कराकर किये गये भुगतान का अनुमोदन ।

| S.No | Number of Colleges | Amount |
|---|---|---|
| 1 | 14 | Rs.242280/- |
| 2 | 18 | Rs.648105/- |
| 3 | 22 | Rs.1131430/- |
| 4 | 22 | Rs.581965/- |
| 5 | 53 | Rs.1298520/- |
| 6 | 50 | Rs.1917285/- |
| 7 | 77 | Rs.2504585/- |
| 8 | 15 | Rs.592465/- |
| Total | 270 | Rs.8916635/- |

कुल भुगतान धनराशि (रूपये नवासी लाख सोलह हजार छः सो पैंतीस मात्र)

निर्णयः

सत्र 2020–21 की सम्पन्न परीक्षाओं के केन्द्राध्यक्ष/सहायक केन्द्राध्यक्ष, कक्ष निरीक्षक एवं आन्तरिक उड़ाका दल के बीजक का विश्वविद्यालय के पोर्टल पर आनलाईन सब्मिशन कराकर किये गये भुगतान का समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0–2022.07.07

कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत बी0एस–सी(नर्सिंग) पाठ्यक्रम के तृतीय वर्ष की पूरक परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्र/छात्राओं को तृतीय वर्ष की पूरक परीक्षा के साथ–साथ चतुर्थ वर्ष की मुख्य परीक्षा में औपबन्धिक रूप से प्रतिभाग करने एवं पोस्ट बेसिक(नर्सिंग) के प्रथम वर्ष की पूरक परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्र/छात्राओं को द्वितीय वर्ष की मुख्य परीक्षा में औपबन्धिक रूप से प्रतिभाग करने की अनुमति का अनुमोदन।

निर्णयः

कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत बी0एस–सी(नर्सिंग) पाठ्यक्रम के तृतीय वर्ष की पूरक परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्र/छात्राओं को तृतीय वर्ष की पूरक परीक्षा के साथ–साथ चतुर्थ वर्ष की मुख्य परीक्षा में औपबन्धिक रूप से प्रतिभाग करने एवं पोस्ट बेसिक(नर्सिंग) के प्रथम वर्ष की पूरक परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्र/छात्राओं को द्वितीय वर्ष की मुख्य परीक्षा में औपबन्धिक रूप से प्रतिभाग करने हेतु हेतु कोविड के दृष्टिगत परम्परागत (Main) एवं Supple Exam सम्पन्न न हो पाने से उत्पन्न स्थिति के कारण केवल एक बार प्रतिभाग किये जाने की की अनुमति का समिति ने सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया ।

Scanned with CamScanner

मद सं0–2022.07.08

कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एलोपैथिक मेडिकल कालेज की एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के सप्ली के छात्रों को औपबन्धिक रूप से तृतीय वर्ष (फाइनल पार्ट–1) की मुख्य परीक्षा में प्रतिभाग करने की अनुमति का अनुमोदन।

निर्णयः

कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एलोपैथिक मेडिकल कालेज की एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के सप्ली के छात्रों को औपबन्धिक रूप से तृतीय वर्ष (फाइनल पार्ट–1) की मुख्य परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु कोविड के दृष्टिगत परम्परागत (Main) एवं Supple Exam सम्पन्न न हो पाने से उत्पन्न स्थिति के कारण केवल एक बार प्रतिभाग किये जाने की अनुमति का समिति ने सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0–2022.07.09

एम0बी0बी0एस0 प्रथम व्यवसायिक वर्ष के प्रश्न पत्र कोड 102N में पूर्णांक 100 के स्थान पर पूर्णांक 50 के प्रश्न पत्र से परीक्षा सम्पन्न होने के उपरान्त प्रत्येक प्रश्न के अंक को दो गुना करते हुए मूल्यांकन कराये जाने के अनुमोदन पर विचार।

निर्णयः

एम0बी0बी0एस0 प्रथम व्यवसायिक वर्ष के प्रश्न पत्र कोड 102N में पूर्णांक 100 के स्थान पर पूर्णांक 50 के प्रश्न पत्र से परीक्षा सम्पन्न होने के उपरान्त प्रत्येक प्रश्न के अंक को दो गुना करते हुए मूल्यांकन कराये जाने का समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0–2022.07.10

मेडिकल परीक्षाएं यथा एम0बी0बी0एस0, बी0यू0एम0एस0, एवं पैरामेडिकल की परीक्षाओं में चुनौती मूल्यांकन समाप्त किये जाने पर विचार।

निर्णयः

मेडिकल परीक्षाएं यथा एम0बी0बी0एस0, बी0यू0एम0एस0, एवं पैरामेडिकल की परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन के पश्चात समस्त छात्र/छात्राओं को उनकी उत्तर पुस्तिका की साफ्ट कापी उनके द्वारा दिये गये ईमेल आईडी पर प्रेषित की जायेगी। मूल्यांकन के सम्बन्ध में यदि छात्र/छात्राएं कोई आपत्ति करना चाहते हैं, तो अपने महाविद्यालय के सम्बंधित विभाग के प्राध्यापक से उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कराकर, विसंगति की दशा में, कारण सहित विश्वविद्यालय को प्रेषित करेगें, जिस पर विश्वविद्यालय पुनर्विचार कर सकता है। मेडिकल परीक्षाएं यथा एम0बी0बी0एस0, बी0यू0एम0एस0, एवं पैरामेडिकल की परीक्षाओं में पूर्व में प्रचलित चुनौती मूल्यांकन को समाप्त किये जाने का समिति ने सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0–2022.07.11

विश्वविद्यालय की माडरेशन समिति का अनुमोदन।

निर्णयः

सत्र 2021–22 की विश्वविद्यालय द्वारा संचालित की जा रही NEP एवं विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के आंसर–की के जम्बलिंग की जॉच एवं परिणाम अन्तिम रूप से घोषित किये जाने के पूर्व कोडिंग सेल द्वारा तैयार किये गये परीक्षा परिणाम का पुनरावलोकन एवं अत्याधिक कम या ज्यादा प्राप्तांक होने की स्थिति में प्राप्ताकों के माडरेशन किये जाने एवं परिणाम के वेरीफिकेशन हेतु निर्देशानुसार निम्नवत् समिति का गठन किया गया है:–

1. प्रो0 सुधान्शु पाण्डया, डीन,प्रशासन, सी.एस.जे.एम वि0वि0, कानपुर।
2. डॉ0 ओंकार अग्रहरी, सहायक आचार्य, यू.आई.ई.टी., सी.एस.जे.एम, वि0वि0, कानपुर।
3. डॉ0 ममता तिवारी, सहायक आचार्य, यू.आई.ई.टी., सी.एस.जे.एम वि0वि0, कानपुर।

परीक्षा समिति द्वारा उक्त समिति का सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

Scanned with CamScanner

मद सं0–2022.07.12

विश्वविद्यालय के सत्र 2021–22 में सम्पन्न परीक्षा के प्रश्नपत्रों की उत्तर कुंजी पर प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण से सम्बंधित गठित समिति का अनुमोदन।

निर्णयः

उक्त कार्य हेतु मा0 कुलपति जी द्वारा एक समिति का गठन निम्नवत किया गया है:–

1. डॉ0 राजेश कुमार द्विवेदी, निदेशक सी0डी0सी0, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।
2. प्रो0 सुधांशु पाण्ड्या, डीन प्रशासन, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।

परीक्षा समिति द्वारा उक्त समिति का सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0–2022.07.13

**याचिका संख्या–15069/2020 अनुज कुमार अवस्थी एल0एल0बी0 पंचम सेमेस्टर सत्र 2015–16 द्वारा भूतपूर्व छात्र के रूप में दी गयी परीक्षा को बैक पेपर के रूप में संयोजित किये जाने के प्रकरण पर विचार।**

निर्णयः

मा0 कुलपति जी की अध्यक्षता में दिनांक 31.10.2021 को हुई बैठक की कार्यवाही के बिन्दु संख्या–05 में–उक्त के समान प्रकरण में निर्णय लिया गया था कि एल0एल0बी0 पाठ्यक्रम के ऐसे छात्र जो त्रुटिवश बैकपेपर के स्थान पर भूतपूर्व छात्र के रूप में ऑनलाइन परीक्षा फार्म सब्मिट किये हैं, उनके भूतपूर्व छात्र के रूप में ऑनलाइन परीक्षा फार्म को निरस्त मानते हुए बैकपेपर परीक्षा फार्म माना जायेगा एवं तद्नुसार परीक्षफल घोषित किया जायेगा। उक्त निर्णय का परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0–2022.07.14

**स्नातक प्रथम या द्वितीय वर्ष की बैक पेपर/ भूतपूर्व परीक्षा के साथ स्नातक तृतीय वर्ष की परीक्षा में औपबन्धिक रूप से भाग लेने की अनुमति का अनुमोदन।**

निर्णयः

1. सत्र 2019–20 के स्नातक प्रथम वर्ष के कुछ विषंयों की लिखित परीक्षा सम्पन्न हुई थी एवं शेष विषयों की परीक्षा कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत स्थगित कर सभी छात्र/छात्राओं को स्नातक प्रथम वर्ष में प्रमोट कर दिया गया था। ऐसे छात्र/छात्राएं जो सत्र 2019–20 में स्नातक प्रथम वर्ष की लिखित परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गये थे एवं 2021 में स्नातक द्वितीय वर्ष की लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हो गये थे, ऐसे छात्र/छात्राओं के प्रथम वर्ष के बैकपेपर हेतु आवेदन किये जाने की दशा में, उनके द्वितीय वर्ष के अंक को प्रथम वर्ष में अन्तरित करते हुए परीक्षाफल घोषित किया जायेगा, यदि ऐसे छात्र द्वितीय वर्ष की परीक्षा में भी अनुत्तीर्ण हैं तो उन्हें द्वितीय वर्ष के उन समस्त विषयों के जिनमें वे अनुत्तीर्ण हैं, उनके बैकपेपर परीक्षा देने होगें और तद्नुसार प्रथम वर्ष का परीक्षाफल भी घोषित किया जायेगा। उक्त छात्र/छात्राएं द्वितीय वर्ष के बैक पेपर की परीक्षा देंगें साथ ही तृतीय वर्ष की परीक्षा में औपबन्धिक रूप से भाग लेंगे। तृतीय वर्ष का परीक्षाफल प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के बैक पेपर के रिजल्ट के अध्यधीन होगा। ऐसे छात्र/छात्राऐं स्नातक प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष में प्रश्नपत्रवार परीक्षा फार्म भरेगें एवं शुल्क जमा करेगें।
2. उपरोक्त व्यवस्था कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत केवल सत्र 2021–22 के लिए ही लागू होगी। इसे भविष्य में दृष्टान्त नहीं माना जायेगा।
3. ऐसे छात्र/छात्राएं जो वर्ष 2021 में स्नातक तृतीय वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हुए थे उनके बैक पेपर/इम्प्रुवमेन्ट पूर्व की भॉति अर्हता के अनुसार परीक्षा फार्म सब्मिशन ऑनलाइन करेगें।
4. सत्र 2019–20 में एम–एससी के कुछ विषयों की परीक्षा सम्पन्न हुई थी तथा शेष विषयों में कोविड–19 के दृहिष्टगत समस्त छात्र/छात्राओं को प्रमोट कर दिया गया था। ऐसे छात्र/छात्राएं सत्र 2020–21 में एम–एससी द्वितीय वर्ष की परीक्षा में भाग लिये, परन्तु प्रथम वर्ष की परीक्षा में जिन विषयों की परीक्षा हुई थी उनमें से किसी विषय में अनुत्तीर्ण हो जाने के कारण द्वितीय वर्ष का परीक्षाफल डिटेन कर दिया गया। ऐसे छात्र/छात्राओं को एम–एससी0 प्रथम वर्ष की बैकपेपर की परीक्षा कराये जाने का परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

Scanned with CamScanner

## अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से:–

मद सं0–2022.07.01

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यालयों/ संस्थानों/व्यक्ति से अंकतालिकाओं के सत्यापन आख्या हेतु प्राप्त पत्र/उपाधियों प्रव्रजन प्रमाणपत्रों/ ट्रांसक्रिप्ट/अस्थायी प्रमाणपत्रों/अंकपत्र संशोधन आदि कार्यों हेतु छात्र/छात्राओं के अंकपत्रों का सत्यापन विश्वविद्यालय में ऑनलाइन उपलब्ध परीक्षा परिणाम/स्कैनिंग डाटा/कम्प्यूटर सेण्टर के संरक्षित डाटा/माड्यूल डाटा एवं सारणीयन पंजिका आदि अभिलेखों से किये जाने के प्रस्ताव पर विचार।

निर्णयः

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 16.03.2022 के मद संख्या–01 में विभिन्न कार्यालयों/संस्थानों/व्यक्ति से अंकतालिकाओं के सत्यापन आख्या हेतु प्राप्त पत्र/उपाधियों प्रव्रजन प्रमाणपत्रों/ट्रांसक्रिप्ट/अस्थायी प्रमाणपत्रों/ अंकपत्र संशोधन आदि कार्यों हेतु छात्र/छात्राओं के अंकपत्रों का सत्यापन विश्वविद्यालय में ऑनलाइन उपलब्ध परीक्षा परिणाम/स्कैनिंग डाटा/कम्प्यूटर सेण्टर के संरक्षित डाटा/माड्यूल डाटा एवं सारणीयन पंजिका आदि अभिलेखों से किये जाने का परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया ।

मद सं0–2022.07.02

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में अंकतालिका/ अभिलेखों में छात्र/छात्रा का नाम, पिता का नाम आदि संशोधनों हेतु छात्र–छात्राओं द्वारा हाईस्कूल/आधार कार्ड के साथ ऑनलाइन/ ऑफलाइन माध्यम से प्रस्तुत आवेदन पत्रों का निस्तारण उनके हाईस्कूल प्रमाण पत्र पर उल्लिखित नाम, पिता के नाम के अनुसार संशोधन हेतु गठित समिति की संस्तुति/अनुमोदन के उपरान्त किया जा रहा है। उक्त के अतिरिक्त उपरोक्त के क्रम में छात्र/छात्रा के नाम व पिता के नाम में अधिक संशोधन की दशा में निम्नलिखित प्रपत्रों के आधार पर समिति की संस्तुति/अनुमोदन का प्रस्ताव समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 16.03.2022 के मद संख्या–02 में समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि अंकतालिका/अभिलेखों में छात्र/छात्रा का नाम, पिता का नाम आदि संशोधनों हेतु छात्र–छात्राओं द्वारा हाईस्कूल प्रमाण पत्र/आधार कार्ड के साथ ऑनलाइन/ ऑफलाइन माध्यम से प्रस्तुत आवेदन पत्रों का निस्तारण उनके हाईस्कूल प्रमाण पत्र पर उल्लिखित नाम, पिता के नाम के अनुसार संशोधन गठित समिति की संस्तुति/अनुमोदन के उपरान्त किया जा रहा है। उक्त के अतिरिक्त उपरोक्त के क्रम में छात्र/छात्रा के नाम व पिता के नाम में अधिक संशोधन की दशा में निम्नलिखित प्रपत्रों के आधार पर समिति की संस्तुति/अनुमोदन के पश्चात् किया जाना है।

1. सम्बन्धित महाविद्यालय से छात्र/छात्रा के प्रवेश फार्म, शुल्क रशीद, उपस्थिति पंजिका, स्कालर रजिस्टर एवं जाँच पत्रक की प्रमाणित प्रतिलिपि ।
2. सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा छात्र/छात्रा के नाम एवं पिता के नाम संशोधन के सम्बन्ध में यदि कोई पत्र नाम संशोधन हेतु विश्वविद्यालय को प्राप्त कराया गया है, तो उसकी छायाप्रति एवं नाम संशोधन हेतु दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन।
3. मूल अंकतालिकाएँ।
4. प्रधान/सभासद/सचिव/नायब तहसीलदार/तहसीलदार/उपजिलाधिकारी से निर्गत प्रमाणपत्र।
5. नाम संशोधन के सम्बन्ध में आवेदन एक वर्ष में ही विश्वविद्यालय को प्राप्त हो जाना चाहिए।

परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

Scanned with CamScanner

मद सं0–2022.07.03

यू0एफ0एम0 कमेटी के गठन पर विचार/अनुमोदन।

निर्णयः

निम्नानुसार यू0एफ0एम0 कमेटी का गठन किया गया है:–

1. प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, प्रति कुलपति, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।
2. प्रो0 सुधांशु पाण्डया, डीन प्रशासन, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
3. डॉ0 आर0के0 द्विवेदी, डायरेक्टर सी0डी0सी0, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।
4. डॉ0 ओमकार अग्रहरी, यू0आई0ई0टी0, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।
5. श्री अजीत प्रताप सिंह, सहायक कुलसचिव, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।

उपरोक्त प्रस्ताव पर परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0–2022.07.04

सत्र 2021–22 के स्नातक एवं परास्नातक की मुख्य वार्षिक परीक्षा जो माह मई/जून, 2022 में प्रस्तावित है की उत्तर पुस्तिकाओं को डिजिटल मूल्यांकन कराये जाने के प्रस्ताव पर विचार।

निर्णयः

सत्र 2021–22 के स्नातक एवं परास्नातक की मुख्य वार्षिक परीक्षा जो माह मई/जून, 2022 में प्रस्तावित है की उत्तर पुस्तिकाओं को डिजिटल मूल्यांकन कराये जाने पर परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0–2022.07.05

सत्र 2020–21 डी–फार्मा प्रथम वर्ष के छात्र रवि शुक्ला अनुक्रमांक–1620053 कोविड–19 बीमारी के कारण परीक्षा में अनुपस्थिति होने पर औसत अंक प्रदान किये जाने पर विचार।

निर्णयः

सत्र 2020–21 डी–फार्मा प्रथम वर्ष के छात्र रवि शुक्ला अनुक्रमांक–1620053 कोविड–19 बीमारी के कारण परीक्षा में अनुपस्थिति होने पर औसत अंक प्रदान किये जाने पर परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

अन्त में मा0 कुलपति जी द्वारा सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक सम्पन्न हुई।

(डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक/सचिव, परीक्षा समिति

(प्रो० विनय कुमार पाठक)
कुलपति/अध्यक्ष

Scanned with CamScanner